an>

Title: Demand to construct Kamariya Ghat Bridge in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगा। हमारे संसदीय क्षेत्र में कमरिया घाट है, जिसका टेंडर भी हो चुका था और जो उसकी तय सीमा अवधि थी, उस तय सीमा अवधि में जिस कम्पनी ने टेंडर डाला था, वह कार्य न कर पाने के कारण उसकी सिक्योरिटी भी जब्त हो गयी। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि जनहित में उपरोक्त पुल को अविलम्ब फिर से टेंडर के आधार पर शुरू कराने की कृपा करायें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री शरद त्रिपाठी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

रमा देवी जी, एक सेकेंड में अपनी डिमांड रखिए। आप ज्यादा लम्बा मत बोलिएगा।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): महोदया, एक सेकेंड में तो हम खड़े ही हो पायेंगे।

माननीय अध्यक्ष : तो फिर बैठ जाइए।